# ग्लोबल टैक्स इवैशन रिपोर्ट, 2024

## प्रिलिम्स के लिये:

ग्लोबल टैक्स इवैशन रिपोर्ट 2024, कर चोरी, यूरोपियन यूनियन टैक्स ऑब्ज़र्वेटरी, वैश्विक न्यूनतम कर।

## मेन्स के लिये:

ग्लोबल टैक्स इवैशन रिपोर्ट 2024, समावेशी विकास तथा इससे संबद्ध मुद्दे।

स्रोत: इकॉनोमिक टाइम्स

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **यूरोपियन यूनियन टैक्स ऑब्ज़र्वेटरी (European Union Tax Observatory)** ने **'ग्लोबल टैक्स इवैशन रिपोर्ट, 2024' (Global Tax Evasion Report 2024) जारी की है** जिसमें अरबपतियों पर वैश्विक न्यूनतम कर **(Global Minimum Tax- GMT)** और कर चोरी से निपटने के उपायों से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

- यह रिपोर्ट **पिछले 10 वर्षों में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय सुधारों** (जैसे कि बैंक जानकारी का स्वचालित अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान तथा **बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) के लिये वैश्विक न्यूनतम कर** पर अंतर्राष्ट्रीय समझौता तथा अन्य मुद्दों के बीच) **के प्रभावों** की जाँच करती है।

## कर चोरी:

- **कर चोरी,** आय को कम दिखाकर, कटौतियों को बढ़ाकर, ऑफशोर एकाउंट्स में पैसा छिपाकर, या किसी की कर देनदारी को कम करने के लिये अन्य धोखाधड़ी वाले तरीकों का उपयोग करके सरकार को **देय करों का भुगतान न करने का अवैध कार्य** है।
- **यह वित्तीय जानकारी को गलत तरीके से प्रस्तुत करने या छुपाकर कर दायित्वों को कम करने का एक सुविचारित और गैर-कानूनी प्रयास है।**

## कर चोरी से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय सुधार

- **वैश्विक न्यूनतम कर (GMT):**
  - GMT **पूरे विश्व में परिभाषित कॉर्पोरेट आय के आधार पर** एक मानक न्यूनतम कर दर लागू करता है।
  - **OECD** ने बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विदेशी मुनाफे पर 15% का **कॉर्पोरेट न्यूनतम कर प्रस्तावित किया है,** जिससे देशों को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वार्षिक कर राजस्व प्राप्त हो सकेगा।
  - अक्तूबर 2021 में भारत सहित 136 देशों के एक समूह ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिये न्यूनतम वैश्विक कर दर 15% निर्धारित की और उनके लिये इस कराधान से बचने की प्रक्रिया को कठिन बनाने की मांग की है।
  - GMT की रूपरेखा का उद्देश्य निम्न कर दरों के माध्यम से देशों को कर प्रतिस्पर्धा से हतोत्साहित करना है जिसके परिणामस्वरूप कॉर्पोरेट लाभ में बदलाव और कर आधार का क्षरण होता है।
- **सूचना का स्वचालित आदान-प्रदान:**
  - धनी व्यक्तियों द्वारा अपतटीय कर चोरी से निपटने के लिये सूचनाओं का स्वचालित आदान-प्रदान वर्ष 2017 में शुरू किया गया था।

## रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

- **अपतटीय कर चोरी को रोकने में चुनौतियाँ:**
    - पिछले एक दशक में **अपतटीय कर चोरी में कमी आई** है। वर्ष 2013 में विश्व के सकल घरेलू उत्पाद का 10% हिस्सा वैश्विक टैक्स हैवन में संगृहीत किया गया था, लेकिन अब इस धनराशि का केवल 25% भाग ही कर मुक्त रह गया है।
    - हालाँकि इसमें चुनौतियाँ बनी हुई हैं, जिनमें **अपतटीय वित्तीय संस्थानों द्वारा गैर-अनुपालन** और बैंक सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान में सीमाएँ शामिल हैं।
- **0% के बराबर कर दरें:**
    - शेल कंपनियों का उपयोग प्राय आयकर से बचने के लिये किया जाता है, इस कारण वैश्विक स्तर पर **अरबपतियों की संपत्ति पर प्रभावी कर दरें 0% से 0.5% हैं।**
    - अमेरिकी अरबपतियों के लिये प्रभावी कर दर उनकी संपत्ति के 0.5% के बराबर है और **फ्राँसीसी अरबपतियों के लिये कर की दर शून्य है।**
- **बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा लाभ स्थानांतरण:**
    - बहुराष्ट्रीय निगमों (MNCs) ने **वर्ष 2022 में** लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर टैक्स हैवन में स्थानांतरित कर दिया है, जो उनके मुख्यालय वाले देशों के बाहर अर्जित मुनाफे के 35% के बराबर है।
    - रिपोर्ट ने "**ग्रीनवॉशिंग द ग्लोबल मिनिमम टैक्स**" की प्रवृत्ति को लाल झंडी दिखा दी है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ कम कार्बन संक्रमण के लिये 'ग्रीन' टैक्स क्रेडिट का उपयोग कर अपनी कर दरों को 15% से कम कर सकती हैं।
- **नीति विकल्पों का महत्त्व:**
    - कर चोरी, धन छिपाना और लाभ को टैक्स हैवन में स्थानांतरित करना प्राकृतिक घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि नीति विकल्पों या आवश्यक विकल्प चुनने में विफलता के परिणाम हैं।
    - **कर नीतियों के परिणामों का मूल्यांकन करने** और टिकाऊ कर प्रणालियों के लिये सुधार करने **की आवश्यकता** है।
- **अनुशंसाएँ:**
    - रिपोर्ट **अरबपतियों पर वैश्विक न्यूनतम कर का समर्थन** करती है, जिसमें **उनकी संपत्ति पर 2% की दर** का प्रस्ताव है। ऐसे धनी लोगों पर कर लगाने के लिये तंत्र स्थापित करना जो किसी देश में लंबे समय से निवासी हैं और कम कर वाले देशों में निवेश का विकल्प चुनते हैं।
        - इस उपाय को **विश्व भर की सरकारों के लिये अपना राजस्व बढ़ाने**, धन असमानता को दूर करने और शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल एवं बुनियादी ढाँचे जैसी महत्त्वपूर्ण सेवाओं को वित्तपोषित करने के लिये आवश्यक माना जाता है।
    - **25% की दर लागू करने** के लिये न्यूनतम कॉर्पोरेट कराधान पर अंतर्राष्ट्रीय समझौते में सुधार किया जाना चाहिये और इसमें कर प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने वाली कमियों को दूर करना चाहिये।
    - इन मुद्दों पर वैश्विक समझौते विफल होने की स्थिति में बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अरबपतियों के कुछ कर घाटे को एकत्रित करने के लिये एकतरफा उपाय लागू करने की आवश्यकता है।
    - कर चोरी से बेहतर ढंग से निपटने के लिये **ग्लोबल एसेट रजिस्ट्री के निर्माण** की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।
    - **आर्थिक वस्तुओं तथा दुरुपयोग विरोधी नियमों** के अनुप्रयोग को बेहतर करने की आवश्यकता है।

## आय कर और संपत्ति कर में अंतर:

- **संपत्ति कर का आकलन** संपत्ति स्टॉक या करदाता के स्वामित्व वाली शुद्ध संपत्ति की कुल राशि पर **किया जाता है**, जबकि आयकर संपत्ति स्टॉक से प्रवाह पर लगाया जाता है।
- **संपत्ति कर का उदाहरण:** संपदा कर, उपहार कर और विरासत कर एकमुश्त या कभी-कभार मूल्यांकन किये गए संपत्ति कर के उदाहरण हैं।

## कर चोरी रोकने हेतु सरकारी उपाय:

- ई-चालान
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018
- काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) कर अधिरोपण अधिनियम, 2015
- धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**?????????????:**

**प्रश्न. 'आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण' शब्द को कभी-कभी समाचारों में किसके संदर्भ में देखा जाता है? (2016)**

**(a)** बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा संसाधन संपन्न लेकिन पिछड़े क्षेत्रों में खनन संचालन
**(b)** बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा कर अपवंचन पर अंकुश लगाना
**(c)** बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किसी देश के अनुवांशिक संसाधनों का शोषण
**(d)** विकास परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में पर्यावरणीय लागत के विचार की कमी

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-tax-evasion-report-2024